Book Ad Any category of Classified and get special Discount
Times of india/ Hindustan times/ Denik jagran / Amar ujala/ Navbharat times Hindustan hindi
Discount Code TBC10
Contact:
Kunika Advertising
Plot no- 516. Sector-12, Friends Co-operative Society, Vasundhara, Ghaziabad
Mo. 8130640000

Year-14 Issue- 27
Ghaziabad, Sunday, 04 December- 2022
04 December to 10 December- 2022
Page: 8

Postal Registration No: UP/GZB- 80/2016-18
RNI.No: UPBIL/2009/28691
DAVP Code:101473
Editor: Dheeraj Kumar
Mo.: 9871895198

# TIRUPATI BALAJI CHRONICLE

Hindi/English {Bi-Lingual} Weekly Ghaziabad
डीएवीपी एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
www.tbcgzb.com
Email: editor@tbam.co.in

Page 2



Page 5



Page 7



## TIRUPATI EYE

### यूपी में 1440 छात्रों को अटल आवासीय विद्यालयों में मिलेगा प्रवेश

योगी सरकार ने गरीब और वंचित छात्रों को शिक्षा से जोड़ने की जो मुहिम शुरू की है, उसमें दिन पर दिन नए मुकाम जुड़ते जा रहे हैं। इसी क्रम में पूरे प्रदेश में आगामी एकेडमिक सेशन में 1,440 छात्रों को अटल आवासीय विद्यालयों में प्रवेश दिया जाएगा। प्रत्येक विद्यालय में 2 सेक्शन में कुल 80 छात्रों को प्रवेश दिए जाने की तैयारी है। इसके लिए प्रदेश के विभिन्न 18 मंडलों में अटल आवासीय विद्यालय तैयार किए जा रहे हैं। इनमें से 7 बनकर पूरी तरह तैयार हैं। यदि किसी वजह से समय पर बाकी विद्यालय तैयार नहीं हो सके तो बाकी बच्चों को करीब के फंक्शनल आवासीय विद्यालय में प्रवेश दिलाया जाएगा। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र के समक्ष हुई हाई लेवल मीटिंग में यह जानकारी दी गई है। प्रिंसिपल और स्टॉफ की नियुक्ति की प्रक्रिया भी जल्द शुरू कर दी जाएगी। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाल ही में कहा था कि अटल आवासीय विद्यालय के निर्माण की बड़ी कार्रवाई को सरकार ने अपने हाथों में लिया है। प्रदेश के सभी मंडलों में अटल आवासीय विद्यालय स्थापित किए जाने की कार्रवाई राज्य सरकार द्वारा की जा रही है। प्रथम चरण में प्रदेश की 18 कमिश्नरी में 18 अटल आवासीय विद्यालय प्रदेश में स्थापित करने जा रहे हैं।

BUREAU OFFICE
PRATEEK BHARGAVA
BUREAU CHIEF
Add: Plot No- 516, Sector 12, Friends Co-operative Society, Vasundhara, Ghaziabad (U.P.)
Mo.: 8130640011
e-mail: prateekb@tbcgzb.com
Contact for Press Release and Advertisements

# आरएचएएम फाउंडेशन और रोटरी क्लब ने टीबी के 25 मरीजों को बांटा संतुलित आहार





**गाजियाबाद।** साहिबाबाद के स्वास्थ्य केंद्र पर मंगलवार को टीबी से ग्रसित बच्चों को पौष्टिक आहार बांटा गया। रोटरी क्लब ऑफ दिल्ली ईस्ट एंड, रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद सेफरोन ने संयुक्त रूप से आरएचएएम फाउंडेशन गाजियाबाद के नेतृत्व में 25 बच्चों को निशुल्क संतुलित आहार बांटा। रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम गैलोर की अध्यक्ष रो मनीषा भार्गव ने कहा कि सरकार के टीबी मुक्त भारत अभियान में रोटरी क्लब और आरएचएएम फाउंडेशन अपना पूरा सहयोग कर रहें हैं। साहिबाबाद के स्वास्थ्य केंद्र पर टीबी के 25 बच्चों को पौष्टिक आहार बांटकर लाभांवित किया गया। आगे भी उनका अभियान जारी रहेगा।

शेष भाग पृष्ठ 8 पर.......



आरएचएएम फाउंडेशन और रोटरी क्लब समाज के लिए अच्छा काम कर रहें हैं। स्वास्थ्य केंद्र पर टीबी से ग्रसित लोगों को निशुल्क पोषाहार बांटा गया है। हमें खुशी है जरुरतमंद लोगों को इसका फायदा मिल रहा है। आगे भी इसी तरह अभियान चलाकर लोगों की हर संभव मदद की जाएगी।

**रो मनीषा भार्गव, अध्यक्ष रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम गैलोर**



रोटरी क्लब और आरएचएएम फाउंडेशन लोगों की मदद के लिए सक्रियता के साथ काम कर रहें है। पौष्टिक आहार बांटे जाने से लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता आ रही है। आगे भी उनकी मदद की जाएगी। इसके साथ ही लोगों से अपील है कि स्वस्थ्य रहने के लिए अपने रोजमर्रा की जीवन शैली में बदलाव लाने की जरूरत हैं।

**रो कुनिका भार्गव, अध्यक्ष रोटरी क्लब आफ गाजियाबाद सेफरोन**



साल 2025 तक भारत को टीबी मुक्त राष्ट्र बनाने की दिशा में आरएचएएम फाउंडेशन की ओर से पूरा सहयोग किया जाएगा। संतुलित आहार बांटे जाने से मरीजों में इस बीमारी की रोकथाम के लिए जागरूकता आ रही है। आरएचएएम फाउंडेशन और रोटरी क्लब पूरी तरह से समाज को समर्पित संगठन हैं।

**डॉ धीरज कुमार भार्गव, फाउंडर, आरएचएएम फाउंडेशन**



रोटरी क्लब और आरएचएएम फाउंडेशन की ओर से टीबी के मरीजों के स्वास्थ्य को लेकर उनका पौष्टिक आहार बांटने का अभियान आगे बढ़ा रहा है। जब तक देश टीबी मुक्त नहीं हो जाता है उनक अभियान जारी रहेगा। टीबी से ग्रसित लोगों को निशुल्क पोषाहार बांटकर जागरूक भी किया जा रहा है।

**रो. दयानंद शर्मा, सेक्रेटरी आरएचएएम फाउण्डेशन**

### विश्व एड्स दिवस पर रोटरी क्लब और आरएचएएम फाउंडेशन ने किया जागरुक

# विश्व एड्स दिवस समानता से सम्मान तक थीम पर कार्यक्रम आयोजित

**गाजियाबाद।** नंदग्राम आश्रम रोड स्थित कांशीराम गर्वमेंट डिग्री कॉलेज में गुरूवार को विश्व एड्स दिवस पर रोटरी क्लब और आरएचएएम फाउंडेशन ने युवाओं को जागरुक किया। रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद सेंट्रल, रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम गैलोर और आरएचएएम फाउंडेशन ने स्वास्थ्य विभाग के साथ मिलकर विश्व एड्स दिवस समानता से सम्मान तक थीम पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें छात्र- छात्राओं को एड्स के लक्षण बताएं और यह किस तरह




से लोगों को अपनी चपेट में ले लेती है आदि के बारे में बताया। रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम गैलोर की अध्यक्ष रो मनीषा भार्गव, रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद सेफरोन की अध्यक्ष रो कुनिका भार्गव, प्रोजेक्ट कोर्डिनेटर रो दीपाली गुप्ता ने एड्स के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एचआईवी संक्रमण से ग्रसित व्यक्ति में वायरस की चपेट में आने के दो से चार हफ्ते के भीतर ही लक्षण नजर आने लगते हैं। प्रारंभिक स्थिति में संक्रमित को बुखार, सिरदर्द, दाने या गले में खराश सहित इन्फ्लूएंजा जैसी समस्याओं का अनुभव हो सकता है। संक्रमण बढ़ने के बाद अन्य गंभीर लक्षण दिखने लगते हैं। जिसमें लिम्फ नोड्स में सूजन, तेजी से वजन कम होते जाना, दस्त और खांसी, बुखार आना और कैंसर जैसी बीमारी विकसित होने लगती है। आरएचएएम फाउंडेशन के फाउंडर डॉ धीरज कुमार भार्गव ने बताया कि एड्स एक गंभीर बीमारी है और इससे बचाव के लिए जागरूकता बेहद जरूरी है। इस मौके पर रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद सेंट्रल के अध्यक्ष रो प्रदीप गुप्ता, रो पंकज मित्तल, रो मयंक भार्गव, रो अपूर्वराज, रो संजय गर्ग आदि मौजूद रहें।

# समितियों की अब सीए से ऑडिट कराएगा आवास विकास



**वसुंधरा।** आवास विकास परिषद सिद्धार्थ विहार की सहकारी आवास समितियों का आडिट सीए से कराएगा। इसके लिए नोटिस जारी कर दिए गए हैं। इस नोटिस के मिलने के बाद समिति पदाधिकारियों का कहना है कि 25 में से 12 समितियों को आवास विकास की धारा 28 का हवाला देकर पहले ही खत्म किया जा चुका है। अब जो बची हैं और 32 साल से लगातार संघर्ष कर रही है, उन्हें भी अलग-अलग तरह की जांच के नाम पर फंसाया जा रहा है। उत्तर रेलवे दूरसंचार सहकारी आवास समिति के सचिव जगवीर चौधरी ने बताया कि समायोजन शुल्क के नोटिस के बाद अब आवास विकास ने आडिट कराने का नोटिस भेज दिया है। इसमें कहा गया है कि सभी समितियों को प्राइवेट सीए से आडिट कराना होगा, जो 2002 के शासनादेश के खिलाफ है। आवास विकास सभी समितियों के पदाधिकारियों को जांच के नाम पर यहां से भगाना चाहता है, जिसके चलते समितियों की अलग-अलग तरह की जांच कराई जा रही है, करोड़ों का विकास शुल्क लेने के बाद 170 करोड़ का समायोजन शुल्क मांगा जा रहा है। समितियों के पदाधिकारियों ने बताया कि सभी आवासीय समितियों को 30 दिसंबर तक समायोजन शुल्क जमा कराना होगा। अगर ऐसा नहीं किया तो फिर आवास विकास नोटिस जारी करेगा। इसके विरोध में 15 दिसंबर को आवास विकास के दफ्तर का घेराव करेंगे। न्यू जागृति इंक्लेव समिति के सचिव लक्ष्मण सिंह का कहना है कि समिति पिछले 32 साल संघर्ष कर रही है। समिति ने 1995 में 28 हजार वर्ग मीटर जमीन खरीदी थी, 1998 में धारा 28 के तहत समिति के पास केवल 4,110 वर्ग मीटर जमीन समायोजित की गई। बाकी बची जमीन का 800 रुपये वर्ग मीटर की के हिसाब से 2022 में मुआवजा दिया गया। समायोजित जमीन की रजिस्ट्री पहले हो चुकी है, लेकिन फिर से रजिस्ट्री कराई जा रही है। इसके साथ ही उन्हें पांच करोड़ रुपये का समायोजन शुल्क लगाया गया है।

### ये होता है समायोजन शुल्क

समितियों के पदाधिकारियों ने बताया कि समायोजन शुल्क वह शुल्क होता है, जो विकसित भूखंड पर लगाया जाता है। इसमें पार्कों का निर्माण, सड़कों का निर्माण, लाइट की व्यवस्था समेत कई जनसुविधाओं की व्यवस्था की जाती है। अविकसित भूमि को बताया जा रहा विकसित पदाधिकारियों का कहना है कि 2002 में एक शासनादेश आया था, जिसमें कहा गया था कि अविकसित भूखंड लेने पर 80 प्रतिशत जमीन समितियों को दी जाएगी और विकसित जमीन लेने पर 50 प्रतिशत भूखंड दिया जाएगा। समितियों को पहले से ही अविकसित भूमि दी गई, अब उसे ही विकसित बताकर समायोजन शुल्क मांगा जा रहा है। आवास विकास के अधीक्षण अभियंता राकेश चंद्रा का कहना है कि सिद्धार्थ विहार की समितियों पर शासन स्तर पर जांच चल रही है। इस बारे में उन्हें कोई जानकारी नहीं है।

## दो-तीन पहिया वाहनों के भी होंगे ऑनलाइन चालान

**गाजियाबाद।** दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर बढ़ते हादसों को रोकने के लिए अब दो और तीन पहिया वाहनों पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाया जाएगा। चार पहिया और भारी वाहनों की तरह इन वाहनों के भी अब ऑनलाइन चालान किए जाएंगे। इसके लिए यूपीगेट से भोजपुर के बीच 90 वीडियो इंसिडेंट डिटेक्शन सिस्टम कैमरे (वीआईडीएस) और 130 ऑटोमेटिक नंबर प्लेट रिकग्निशन (एएनपीआर) कैमरे और रसूलपुर सिकरोडा टोल प्लाजा पर 16 पीटीजेड (पैन, टिल्ट, जूम) कैमरे लगाए जाएंगे। दो दिन पहले यातायात पुलिस और एनएचएआई की तकनीकी टीम ने मीटिंग के बाद दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे और एनएच-9 का सर्वे किया। उन्होंने ऐसे स्थानों को चिह्नित किया, जहां सुरक्षा और निगरानी की दृष्टि से कैमरे लगाए जाने जरूरी हैं। इन कैमरों को लगा दिए जाने पर वाहनों को रोके बिना ऑनलाइन चालान किए जा सकेंगे। एएनपीआर कैमरे लग जाने से नंबर प्लेट से ही टोल शुल्क भी वसूला जा सकेगा। वाहनों को टोल प्लाजा पर रोकने की जरूरत नहीं रहेगी। एसपी ट्रैफिक रामानंद कुशवाहा ने बताया कि जल्द ही जनवरी तक यह कैमरे लगा लिए जाएंगे और इनके जरिए ऑनलाइन चालान की व्यवस्था भी शुरू हो जाएगी। अभी तक दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर दो और तीन पहिया वाहनों के ऑनलाइन चालान नहीं कर पा रहे थे। यातायात पुलिस और एनएचएआई ने निगरानी की दृष्टि से दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे और एनएच-9 को दो जोन में बांटा गया है। एक जोन डासना से भोजपुर तक होगा और दूसरा डासना से यूपी गेट तक होगा। एसपी ट्रैफिक ने बताया कि पहले जोन में डासना से भोजपुर तक वीडियो इंसिडेंट डिटेक्शन सिस्टम कैमरे लगाने के लिए 13 स्थान चिह्नित किए गए हैं। इन पर 36 कैमरे लगाए जाएंगे। ऑटोमेटिक नंबर प्लेट रिकग्निशन कैमरे के लिए 22 स्थान चिह्नित किए गए हैं। इस जोन में रसूलपुर प्लाजा पर दो पीटीजेड कैमरे लगाए जाएंगे। एसपी ट्रैफिक ने बताया कि डासना से यूपी गेट तक के जोन में हाईवे और एक्सप्रेसवे पर प्रवेश और निकास के कई प्वाइंट हैं। ऐसे में इस जोन में ज्यादा कैमरे लगाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि डासना से यूपी गेट तक 29 स्थानों पर 54 वीआईडीएस कैमरे और 108 ऑटोमेटिक नंबर प्लेट रिकग्निशन कैमरे लगाए जाएंगे। इस जोन में 14 पीटीजेड कैमरे भी लगाए जाएंगे। इन पीटीजेड कैमरों के जरिए जूम करके दूर खड़े वाहन की नंबर प्लेट भी पढ़ी जा सकेगी। इसे कंट्रोल रूम में बैठकर ही 360 डिग्री पर घुमाया भी जा सकेगा।

## शम्भू दयाल डिग्री कालेज में राष्ट्रीय संविधान दिवस कार्यक्रम का आयोजन



**गाजियाबाद।** डीएम राकेश कुमाकर सिंह के निर्देशन में नेहरू युवा केन्द्र गाजियाबाद द्वारा शम्भू दयाल डिग्री कालेज में राष्ट्रीय संविधान दिवस कार्यक्रम का किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्य सभा सांसद डा0 अनिल अग्रवाल ने युवाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि हमारे देश का संविधान इतना उत्कृष्ट संविधान है कि उसी के कारण एक गरीब मजदूर और किसान का बच्चा भी देश के सर्वोच्च पद राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के पद पर पहुँच सकता है। देश के गरीब से गरीब नागरिकों को भी मताधिकार प्राप्त है। संवैधानिक अधिकार के कारण ही आज देश में ऐसी सशक्त सरकार है कि हमारे देश की सीमाओं को कोई छू भी नहीं सकता। कार्यक्रम के अध्यक्ष एवं शम्भू दयाल कालेज के प्राचार्य डा0 अखिलेश मिश्र ने युवाओं को सम्बोधित करते हुए संविधान की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। नेहरू युवा केन्द्र गाजियाबाद के उपनिदेशक देवेन्द्र कुमार के द्वारा अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम के उद्देश्य और उसकी पृष्ठभूमि पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में संदर्भ व्यक्ति के रूप में डा0 रोचना मित्तल विभागाध्यक्ष राजनीति विज्ञान ने संविधान के इतिहास एवं संविधान निर्माण की कहानी, अनुसूची एवं अनुच्छेद पर विस्तृत जानकारी दी। शम्भू दयाल कालेज में राजनीति विज्ञान विभाग के प्रोफेसर डा0 साकेत सिसोदिया ने मौलिक अधिकार एवं कर्तव्य, संविधान संशोधन, आदि पर विस्तृत प्रकाश डाला गया। डा0 रीना शर्मा एवं डा0 प्रियंका गंगवार, कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना का कार्यक्रम के संयोजन में विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में संविधान के सम्बन्ध में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन नेहरू युवा मण्डल अशोक विहार लोनी के अध्यक्ष सनोबर खान के संयोजन में किया गया जिसमें 100 युवाओं ने प्रतिभाग किया तथा इसमें उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले 30 युवाओं को सर्टिफिकेट और मैडल देकर सम्मानित किया गया। जिन युवाओं को सम्मानित किया गया उनमें प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले चांदनी, प्रीति (रोहताश), अरविंद कुमार, शिवानी (राजेंद्र), सुमय्या, हर्षवर्धन, आंचल, शिवानी (बद्रीप्रसाद), प्रियांशु (वीरेंद्र), विपुल त्यागी, शिव तथा द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले पायल, हनी, अंशु कुमार, दीपक कुमार, तनु, पिंकी, उमंग सागर, अभिषेक कुमार, गौरव शर्मा, रविन्द्र कुमार, प्रियांशु, मुकेश कुमार एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले मुस्कान, रिशु सिंह, इकरा सैफी, सौरभ को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए नेहरू युवा केन्द्र गाजियाबाद के लेखा एवं कार्यक्रम सहायक मुकन्द वल्लभ शर्मा ने किया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय युवा स्वयं सेवक प्राची एवं तालिब, नीरज यादव, निशा योगिनी, अंजुम लोनी शिवप्रताप आदि का विशेष सहयोग रहा।

## अवकाश के दिन खुलेंगे सभी पासपोर्ट कार्यालय



**गाजियाबाद।** क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय (आरपीओ) के साथ उससे जुड़े कौशांबी पासपोर्ट सेवा केंद्र (पीएसके) और सभी पोस्ट ऑफिस पासपोर्ट सेवा केंद्र (पीओ पीएसके) शनिवार तीन दिसंबर को यानी अवकाश के दिन भी खुलेंगे। सामान्य के साथ तत्काल पासपोर्ट की वेटिंग जनवरी तक पहुंच गई है। ऐसे में पासपोर्ट आवेदकों की सहूलियत के लिए विदेश मंत्रालय के निर्देश पर निर्णय लिया गया है।

तीन दिसंबर के लिए कौशांबी पीएसके में 800 और आरपीओ में 300 अप्वॉइंटमेंट दिए जाएंगे। वहीं पीओ पीएसके पर 50-50 अप्वॉइंटमेंट मिलेंगे। जल्द पासपोर्ट बनवाने की दौड़ में शामिल अधिकांश लोग तत्काल वर्ग में आवेदन कर रहे हैं। जनवरी में बच्चों की छुट्टियों को देखते हुए पासपोर्ट आवेदकों की संख्या बढ़ी है। ऐसे में घूमने जाने वाले लोगों के अलावा विदेशों में नौकरी व व्यवसाय के लिए जाने वाले लोगों को अप्वॉइंटमेंट के लिए लंबा इंतजार करना पड़ रहा है।

### ऐसे बुक कर सकते हैं अप्वॉइंटमेंट

क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय के निर्णय से वेटिंग बढ़ने से परेशान गाजियाबाद के साथ आगरा, अलीगढ़, बागपत, बुलंदशहर, गौतमबुद्धनगर, हाथरस, मथुरा, मेरठ, मुजफ्फरनगर, हापुड़, शामली, सहारनपुर सहित 13 जनपदों के लोगों को राहत मिलेगी। क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी सुब्रतो हाजरा ने बताया कि पहले से बुक अप्वॉइंटमेंट का फिर से निर्धारित किया जा सकेगा। नए अप्वॉइंटमेंट के लिए पहले आवेदकों को पहले www.passportindia.gov.in पर ऑनलाइन फॉर्म जमा करने केसाथ फीस का भुगतान करना होगा। आवेदकों को फिर से वेबसाइट में लॉगइन कर अपने भुगतान का सत्यापन और अपना अप्वॉइंटमेंट बुक करना होगा। एक बार अप्वॉइंटमेंट बुक हो जाने के बाद इसकी पुष्टि पोर्टल पर की जा सकेगी। ध्यान रहे कि पहले से अप्वॉइंटमेंट बुक करने वाले लोग फिर से अप्वॉइंटमेंट केवल एक बार की बुक कर सकेंगे। आवेदक अपने साथ सभी जरूरी दस्तावेज लेकर आएं।

## निकाय चुनाव से पहले असलहा जमा कराने के निर्देश



**गाजियाबाद।** नगर निकाय चुनाव की तैयारी शुरू हो गई है। राज्य निर्वाचन आयोग ने डीएम व पुलिस कमिश्नर को शहरी क्षेत्र और इसके 10 किलोमीटर के दायरे में रहने वाले शस्त्र धारकों की स्क्रीनिंग कर असलहा जमा कराने के निर्देश दिए हैं। निर्वाचन आयोग ने यह काम नौ दिसंबर तक पूरा करने को कहा है।

निर्वाचन आयोग ने हाल ही में जमानत पर रिहा हुए, आपराधिक इतिहास वाले, दंगे में संलिप्त रह चुके, पूर्व में मुचलका पाबंद किए जा चुके शस्त्र लाइसेंस धारकों की स्क्रीनिंग अनिवार्य रूप से करने के भी निर्देश दिए हैं। इनके अलावा ऐसे लोगों के भी शस्त्र चुनाव के दौरान अनिवार्य रूप से जमा कराए जाएंगे, जिनके बारे में चुनाव के दौरान बाधा उत्पन्न करने की संभावना की जानकारी मिली हो। गाजियाबाद जिले में फिलहाल करीब 14747 शस्त्र लाइसेंस धारक हैं। चुनाव परिणाम घोषित होने के एक सप्ताह के भीतर प्रशासन को यह शस्त्र वापस लौटाने होंगे। कमेटी की ओर से सभी शस्त्र लाइसेंस धारकों की स्क्रीनिंग कर रिपोर्ट तैयार कर ली जाएगी। चुनाव की अधिसूचना जारी होने से उम्मीदवारी वापस लेने के अंतराल में प्रशासन की ओर से शस्त्र जमा कराने के लिए व्यक्तिगत तौर पर नोटिस दिए जाएंगे। नोटिस दिए जाने के बाद पांच दिन के भीतर लोगों को शस्त्र जमा कराना होगा। राज्य निर्वाचन आयोग ने पारदर्शी चुनाव के लिए शराब की तस्करी और अवैध भट्ठियों के संचालन को रोकने के लिए निगरानी बढ़ाने के निर्देश दिए हैं।

# उद्यमियों की समस्याओं का गंभीरता के साथ निस्तारण करें अधिकारी

**गाजियाबाद।** कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम राकेश कुमार की अध्यक्षता में जिला प्रशासन की अधिकारियों के साथ बैठक हुई। इसमें डीएम राकेश कुमार सिंह ने अधिकारियों को स्पष्ट रूप से निर्देश देते हुए कहा है कि जनपद गाजियाबाद औद्योगिक दृष्टि से पूरे प्रदेश का महत्वपूर्ण स्थान है। उत्तर प्रदेश सरकार के माननीय मुख्यमंत्री जी भी औद्योगिक विकास को लेकर बहुत ही गंभीरता के साथ कार्यवाही सुनिश्चित कर रहे हैं ताकि अधिक से अधिक औद्योगिक विकास संभव हो सके। जिलाधिकारी उद्योग बंधु की बैठक में उपस्थित उद्यमी प्रतिनिधियों की समस्याओं का गहनता के साथ अनुश्रवण करते हुए संबंधित विभागीय



अधिकारियों को उद्योगों से जुड़ी हुई समस्याओं एवं शिकायतों का निस्तारण करने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दे रहे थे। बैठक में औद्योगिक स्थानों में सड़को की मरम्मत, विद्युत, साफ सफाई तथा निवेश मित्र योजना में प्राप्त प्रार्थना पत्रों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करने पर विस्तृत चर्चा की गई। जिलाधिकारी द्वारा जनपद के उद्यमियों के द्वारा उठाये गये मुद्दो व समस्याओं को सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को निस्तारण करने का निर्देश दिया गया। उन्होने कहा कि उद्यमियों के समस्याओं के निस्तारण के लिये प्रशासन हर सम्भव सहयोग प्रदान करेगा ताकि जनपद में नये उद्योग स्थापित कर क्षेत्र को विकास परक बनाया जा सकें। बैठक में सर्वप्रथम कवि नगर औद्योगिक क्षेत्र में स्थित स्वदेशी कंपाउंड में कराए जाने वाले और स्थापना संबंधी कार्यों की डीपीआर के अनुसार यूपीएसआईडीसी को वचनबद्धता प्रदान कराए जाने हेतु नगर निगम को निर्देशित किया गया। सौर ऊर्जा मार्ग ब्रिज विहार नाले के ऊपर पुलिया के निर्माण के संबंध में जिलाधिकार द्वारा उप महाप्रबंधक यूपीसीडा निर्माण खंड, गाजियाबाद को निर्देशित किया गया कि उक्त कार्य को काफी समय हो गया है। उप महाप्रबंधक यूपीसीडा द्वारा आगामी उद्योग बंधु बैठक से पूर्व उक्त पुलिया के निर्माण के टेंडर आमंत्रित किए जाने हेतु आश्वस्त किया गया। साइट- 04 साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र में विद्युत सब स्टेशन की स्थापना हेतु भूमि के चिन्हांकन हेतु जिलाधिकारी द्वारा उपायुक्त उद्योग, क्षेत्रीय प्रबंधक यूपीएसआईडीसी, अधीक्षण अभियंता विद्युत नगरीय वितरण मंडल द्वितीय गाजियाबाद एवं अधिशासी अभियंता विद्युत नगरीय वितरण खंड षष्टम, साहिबाबाद गाजियाबाद को संयुक्त रूप से उपलब्ध भूमि का सर्वेक्षण करने के निर्देश दिए गए एवं आख्या उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए गए। मैसर्स मनोहर लाल हीरा लाल लिमिटेड दुहाई मेरठ रोड गाजियाबाद के विद्युत आपूर्ति एवं ट्रिपिंग से संबंधित बिंदुओं पर इकाई के प्रतिनिधि उपेंद्र गोयल द्वारा अवगत कराया गया।

## गाजियाबाद के पुलिस कमिश्नर बने अजय कुमार मिश्रा



**गाजियाबाद।** कमिश्नरेट घोषित होने के 5 दिन बाद ही उत्तर प्रदेश सरकार ने गाजियाबाद को नया पुलिस कमिश्नर दे दिया। 2003 बैच के क्ढर ऑफिसर अजय कुमार मिश्रा गाजियाबाद के पहले पुलिस कमिश्नर होंगे। माना जा रहा है कि अगले 24 घंटे में यहां पर सभी ऊढझ्अउढ की तैनाती हो सकती है। फिलहाल गाजियाबाद के एसएसपी मुनिराज जी को अयोध्या का एसएसपी बनाया गया है। दरअसल, अजय कुमार मिश्रा उत्तर प्रदेश में जिला बलिया के रहने वाले हैं। उनके पिता कुबेर नाथ शर्मा यूपी पुलिस में कांस्टेबल थे। वह ज्यादातर समय वाराणसी जिले में पोस्टेड रहे। कुबेर नाथ का सरकारी क्वार्टर वाराणसी पुलिस लाइन में था। अजय कुमार मिश्रा इसी सरकारी क्वार्टर में रहे और प्रारंभिक शिक्षा पूरी की। कुबेर नाथ मिश्रा का रिटायरमेंट भी वाराणसी पुलिस लाइन से हुआ, इसलिए अजय मिश्रा को वहां का ₹रॉबिन हुड₹ भी कहा जाता है । साल 2003 में अजय मिश्रा क्ढर ऑफिसर बन गए। साल 2014 में वाराणसी एसएसपी रहते हुए अजय मिश्रा खूब चचाओं में आए। वजह ये थी कि उन्होंने अपने ही रढ से सरकारी गाड़ी छीन ली थी। इस मामले में अजय मिश्रा और उनके एसपी शासन में पेश हुए। बाद में दोनों ही अफसरों को वाराणसी से हटा दिया गया।

## सपा समर्थित नसीम बेगम का निर्वाचन शून्य घोषित

**गाजियाबाद।** जिला न्यायाधीश कोर्ट ने जिला पंचायत के वार्ड संख्या 10 से निर्वाचित सदस्य सपा समर्थित नसीम बेगम का निर्वाचन शून्य घोषित कर दिया है। 6 दिसंबर को रऊ्ट कोर्ट में वोटों की नए सिरे से गिनती होगी। इसके बाद जिसके मत ज्यादा होंगे, उसे विजेता घोषित किया जाएगा। प्रतिद्वंदी प्रत्याशी ने मतगणना में धांधली का आरोप लगाया था, जिसके बाद अब ऐसा हो रहा है। करीब दो साल पहले जिला पंचायत सदस्य के चुनाव हुए थे। इसमें सपा समर्थित प्रत्याशी नसीम बेगम ने रालोद प्रत्याशी कुंवर अय्यूब अली को हराया था। इस पर अयूब अली ने मतगणना में धांधली का आरोप लगाया और निर्वाचन अधिकारियों से दोबारा मतगणना की मांग की। लेकिन उस वक्त कोई सुनवाई नहीं हुई और न ही दोबारा मतगणना हुई। आखिरकार नसीम बेगम को निर्वाचित घोषित कर दिया गया। इस पर कुंवर अय्यूब अली ने जिला जज की कोर्ट में याचिका दायर की और अपना पक्ष रखा। पक्ष को कोर्ट ने सुनवाई योग्य माना। कोर्ट ने नसीम बेगम का निर्वाचन रद करते हुए शून्य घोषित कर दिया है और 6 दिसंबर को रऊ्ट सदर की कोर्ट में वोटों की पुन गिनती कराने का आदेश दिया है। इसके बाद जो भी विजेता होगा, उसको प्रमाण पत्र दे दिया जाएगा।






# Editorial

## In Supreme Court's ruling on disabled advocate, a positive verdict in problematic language

The Supreme Court of India, in Abhimanyu Partap Singh v. Namita Sekhon and another, while hearing a claim under the Motor Vehicles Act, 1988, awarded compensation to an advocate who was rendered permanently disabled after a road accident in 1996. The Court examined the adequacy of the compensation granted by the lower courts and on assessing various relevant factors, concluded that the compensation granted was unjust and unreasonable. The Court reasoned that the earnings of the appellant would be impacted throughout his life by the disability. Relying on the multiplier method, the Court awarded an enhanced compensation. While the ultimate outcome of the judgment is favourable to the appellant, to arrive at this determination, the Court made some very unfortunate observations that betray its lack of awareness about the current thinking on disability rights. It held that in the era of competition, the appellant cannot compete with "normal men". Worse still, it made the blanket observation that, to be a proficient advocate, "the person must be physically fit as he is required to move frequently to attend the professional work, reaching from one Court to other, and for movements to complete other professional commitments." The Court further noted that the appellant was required to make extraordinary efforts to attend court proceedings and come up to the expectations of a client. There can be no dispute with the fact that the appellant's disability qualitatively and quantitatively affected his productivity as a legal professional. Thriving as a disabled professional in a world designed for the able-bodied is indeed extraordinarily challenging. However, the Court's disparaging remarks on the capabilities of an advocate with a disability were completely uncalled for.

**Dr. Dheeraj Kumar Bhargava**

# VVS Laxman on coaching India in the absence of Rahul Dravid: It is only a stop-gap arrangement

NCA chief VVS Laxman said that stepping in the shoes of India head coach Rahul Dravid is "only a stop-gap arrangement" but added that the role is "fully satisfying" for him.

Laxman joined Team India for its tour of New Zealand after Dravid was given a break following the end of India's T20 World Cup campaign, where the side suffered a 10-wicket defeat at the hands of eventual champions England.

It is not the first time that Laxman has been coaching India, having previously coached the side during the home ODI series against South Africa and for the tour of Zimbabwe.

"It (coaching role) is fully satisfying, obviously it is only a stop-gap arrangement but it is been fun working with the young guys," Laxman told the broadcasters ahead of the third ODI against New Zealand.

Laxman also said that India have a strong pool of




talent and the management is trying to give opportunities to players and communicate with those who are not getting selected.

"It is about the combination you want to play for each game. India is blessed to have a strong depth of talent and bench strength. It is about giving them opportunities and also informing them whenever they are not picked."

The NCA chief further backed wicketkeeper-batter Rishabh Pant at number four and pointed out his crucial knock against England at Old Trafford.

"He (Pant) has been doing well at no.4, not too long ago he scored an important century at Old Trafford and it is important to back him.

"T20 cricket has given batters more confidence about clearing the grounds no matter how big the outfields are, they also work a lot with the range-hitting," Laxman said.

# ATP Finals 2022: Novak Djokovic emulates Roger Federer after beating Casper Ruud to win 6th title

Novak Djokovic firmly established his dominance over the rest of the men's singles field by cruising to a record-equalling 6th ATP Finals crown in Turin, Italy on Sunday, November 20. Djokovic defeated World No. 3 Casper Ruud 7-5, 6-3 in less than 2 hours in the final of the season-ending tournament.

It was a statement victory for Djokovic, who won his 5th title on the tour in 2022, which also includes the Wimbledon crown. Cheered on by his wife Jelena and his team, Djokovic was pumped up as he ended a difficult season on a high, sending a warning notice to his challengers ahead of the new season wherein he would be Novak Djokovic equaled Roger Federer's record of the most titles in the ATP Finals and the 35-year-old also became the oldest man to win the season-ending crown, going past the Swiss's record -- 30 years old in 2011. It was the third city where Djokovic reigned supreme in the ATP Finals after Shangai in 2008



and London in 2012, 2013, 2014 and 2015. The Serb also ended a 6-year wait for the crown. Djokovic took home more than USD 4.7 million, which included the bonus for having been undefeated in Turin in the ATP Finals. After fending off a firm threat from Daniil Medvedev in his final group-stage match, Djokovic defeated USA's Taylor Fritz in the semi-final in straight sets. On Sunday, despite feeling under the weather, Djokovic got the job done in straight sets against Ruud, who was playing his first ATP Finals. The Serb looked shaky during the first set but he was able to focus on the job at hand. Djokovic missed break point opportunities in the 2nd and 8th games in the first set but he converted a decisive break point at 6-5 to take the first set. Once he sealed the early advantage, there was no stopping Djokovic as he steamrolled Ruud, dominating the second set, hitting back-of-the-court winners at will. Djokovic's service game was on point on Sunday as Ruud was not able to break the Serb even once in the final. Djokovic did not face a single break point throughout the match and fired in 31 winners, 14 more than Ruud, who was struggling with his second serves. The Serb will finish the year as No. 5 despite having missed the Australian Open and US Open due to his unvaccinated status. Casper Ruud, who had a breakthrough year on the tour, winning as many as 3 titles and reaching the finals of the French Open and the US Open, was gracious in defeat. The Norwegian lauded Djokovic for his efforts to overcome obstacles and be there in the season-ending tournament and go on to win it.

# Hemang Badani rubbishes rumours about applying for BCCI national selector's post

Former India all-rounder Hemang Badani said on Wednesday that he has not applied for the senior national men's team's selector roles, dismissing reports that claimed that he had entered the race. Badani took to social media and put out a message, clarifying his position.

The Board of Control for Cricket in India (BCCI) called for applications for the post of selection committee member for the senior men's team after sacking a Chetan Sharma-led committee after the World Cup. The Indian cricket board said the deadline to submit the applications would be November 28.

A few media reports suggested that Badani, who played 4 Tests and 40 ODIs between 2000 and 2004, had applied for the post. Taking to social media, the Tamil Nadu all-rounder said he would love to be part of the BCCI selection panel but that he hasn't applied at this point.

Badani has been a



successful coach in Tamil Nadu Premier League after having quit professional cricket at the age of 37. Badani played his last first-class game in 2013.

"To all my lovely fans, well-wishers and friends.. Just putting this out here to offer some clarity. As much I deem it a privilege and honour to be a part of the BCCI selection panel, I have not applied for the post as the rounds across various media have been doing. Wishing all the applicants the best," Badani said in his post. Former India wicketkeeper Nayan Mongia, leg-spinner L Sivaramakrishnan and Salil Ankola are among the ones who had applied for the senior selection committee posts. "Yes, I am going to file the application.

# एसोटेक नेस्ट सोसायटी के 11वें तल पर लिफ्ट में फंसी तीन बच्चियां

**गाजियाबाद।** क्रॉसिंग रिपब्लिक की एसोटेक नेस्ट सोसायटी में तीन बच्चियों को लेकर जा रही लिफ्ट झटके के साथ 11वें तल पर रुक गई और फिर 24 मिनट तक फंसी रही। इंटरकॉम ने काम नहीं किया तो बच्चियां बुरी तरह घबरा गईं और उनकी चीख निकल पड़ी। चिल्लाने पर भी मदद न मिलने पर उनकी आंखों से आंसू निकल आए और वे हाथ जोड़कर भगवान से प्रार्थना करने लगीं। थोड़ी देर बाद रोने की आवाज सुनकर गार्ड आया और धक्का देकर लिफ्ट खोली। तब वे बाहर आ सकीं। बच्चियों में से एक तेजस्विनी के पिता शिवम गहलोत ने रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए) की अध्यक्ष चित्रा चतुर्वेदी और सचिव अभय झा के खिलाफ नामजद केस दर्ज करा दिया है ।

खेल के सामान के कारोबारी शिवम ने बताया कि वे 20वीं मंजिल पर रहते हैं।



मंगलवार शाम को इसी मंजिल से आठ साल की तेजस्विनी अपनी हमउम्र सहेलियों मिशिका और वैदेही के साथ खेलने के लिए जा रही थी। नौ मंजिल नीचे जाने के बाद लिफ्ट अचानक रुकी। जब इंटरकॉम ने काम नहीं किया तो बच्चियों को डर लगा। सीसीटीवी कैमरे से इस दौरान की फुटेज मिली हैं। बच्चियां बुरी तरह से सहम गई थीं। उन 24 मिनट का खौफ उनके मन में बुरी तरह से समा गया है। केस के बारे में क्रॉसिंग रिपब्लिक थाने के प्रभारी ने बताया कि नामजद आरोपियों से पूछताछ की जाएगी। उनकी लापरवाही मिलने पर कार्रवाई होगी।

## बच्चे सहमे, लिफ्ट से नहीं गए

शिवम ने बताया कि तीनों बच्चियां ही नहीं, सोसायटी के और भी बच्चे इस घटना से सहम गए हैं। उन्हें डर है कि लिफ्ट कभी भी बंद हो सकती है। दो दिन से बच्चे लिफ्ट से नहीं जा रहे हैं। 20वीं मंजिल पर भी सीढ़ियों से ही चढ़ रहे हैं। उनकी बेटी अकेले नहीं जा रही। स्कूल जाने के लिए वह सीढ़ी से गई।

उसने लिफ्ट से जाने से साफ इनकार कर दिया है। लिफ्ट बार-बार खराब हो रही हैं। बृहस्पतिवार दोपहर करीब डेढ़ बजे सोसायटी में लिफ्ट दूसरे तल पर अटक गई। इसमें छह-सात लोग सवार थे। हालांकि इस बार दो मिनट बाद चालू हो गई। प्रतीक ग्रैंड सिटी सोसायटी में भी लिफ्ट कई बार फंस चुकी है।

यहां के निवासी एनके नेगी का कहना है कि इन घटनाओं को रोकने के लिए उत्तर प्रदेश लिफ्ट एक्ट लागू किया जाना चाहिए। मेंटेनेंस में लापरवाही बरतने वालों पर कठोर कार्रवाई होनी चाहिए।

## 25 लाख खर्च फिर भी लिफ्ट खराब

शिवम गहलोत का कहना है कि सोसायटी में तीन लिफ्टें लगी हैं। इन तीनों में आए दिन खराबी आती रहती है। कोई न कोई फंसता रहता है। आरडब्ल्यूए लिफ्ट के रखरखाव के नाम पर हर साल 25 लाख खर्च करने का दावा करता है। यह शुल्क सोसायटी के लोगों से वसूल किया जाता है। मिशिका के पिता बृजेश त्रिपाठी का कहना है कि पिछले छह माह में लिफ्ट फंसने की चार घटनाएं हो चुकी हैं। तीन महीने पहले करीब 40 मिनट तक लिफ्ट फंसी रही, जिसमें एक व्यक्ति घबराकर बेहोश हो गया था। एक महीने पहले 15 मिनट तक लिफ्ट में महिला फंसी रही। वैदेही के पिता कमलकांत का कहना है कि लिफ्टों का मेंटेनेंस नियमित तौर पर होना चाहिए। यही हाल रहा तो कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है।

# नगरायुक्त ने औद्योगिक क्षेत्रों में लिया जायजा, जल्द खत्म हो जाएंगे कूड़ाघर

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद नगर निगम के आयुक्त डॉ. नितिन गौड़ ने औद्योगिक क्षेत्रों का गुरुवार को भ्रमण किया। उद्यमियों ने अपने क्षेत्र की सफाई व्यवस्था और जर्जर सड़क मार्गों की समस्या नगरायुक्त के समक्ष रखीं। नगरायुक्त ने इन्हें हल कराने का भरोसा दिया।

नगरायुक्त ने लोहा मंडी, स्वदेशी कंपाउंड तथा पटेल नगर सेकेंड में गार्बेज वूलर्नरबल पाइंट को खत्म करने के लिए चल रही कार्रवाई का जायजा लिया। नगरायुक्त ने बताया शहर के पांच जोनों में 96 कूड़ा डलावघर स्थायी रूप से समाप्त किए जाने हैं। इसके बाद इन सभी स्थानों पर सौंदर्यकरण कराया जाएगा। अब तक पसोंडा पुलिया शौचालय के पास, वजीराबाद रोड, 80 फुटा रोड, ईदगाह रोड, रजनीगंधा अपार्टमेंट के सामने, श्याम पार्क मेट्रो स्टेशन शौचालय के पास, राम वाटिका वैशाली, फ्लोरेंस हॉस्पिटल के पास, अकबरपुर बहरामपुर ग्रीन होटल के पास, चौधरी सीट के पास सम्राट चौक पर, रेलवे रोड कोतवाली के पास कूड़ा डलावघर खत्म करने पर काम शुरू हो चुका है।

# सीएचसी में एंबुलेंस मित्र सेवा हेल्पडेस्क का शुभारंभ

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के मुरादनगर तहसील क्षेत्र स्थित सीएचसी में अब एंबुलेंस संबंधी जानकारी मरीजों को आराम से मिल सकेगी। गुरुवार को सीएचसी पर डिप्टी सीएमओ डॉ. जी.पी मथुरिया और सीएचसी प्रभारी डॉ. प्रदीप यादव ने फीता काटकर एंबुलेंस मित्र सेवा हेल्पडेस्क का शुभारंभ किया। डॉ. जी.पी माथुरिया ने बताया कि 102 एंबुलेंस सरकारी अस्पताल में भर्ती डिलीवरी व नसबंदी के मरीजों को उनके घर तक पहुंचाती है। इतना ही नहीं अगर कोई मरीज इमरजेंसी में आता है तो उसको गाजियाबाद सरकारी अस्पताल भी पहुंचाती है। यदि किसी मरीज को इसकी जानकारी नहीं है, तो उसके



लिए अस्पताल परिसर में एंबुलेंस मित्र सेवा हेल्प डेस्क बनाया गया है। उन्होंने कहा कि इस हेल्पडेस्क पर तैनात कर्मचारी मरीज को पूरी जानकारी देंगे। एंबुलेंस मित्र सेवा हेल्प डेस्क से मरीजों को सही जानकारी मिलेगी। वह उसका लाभ उठा सकेंगे। इस मौके पर प्रोग्राम मैनेजर जयविंदर सिंह, डॉ. दवीलाल, डॉ. दिनेश कुमार, डॉ.नवनीत, शमशेर अहमद, मंतोष कुमार, अजीत सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे।

# जेसीबी से खुदाई के दौरान पीएनजी लाइन लीकेज होने से बड़ा हादसा टला

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के लोनी इलाके में रविवार को जेसीबी से पुलिया खुदाई के दौरान पीएनजी पाइप लाइन लीकेज हो गई। इससे हड़कंप मच गया। इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड के इंजीनियरों और कर्मचारियों ने पहुंचकर लीकेज ठीक किया। लोनी थाना क्षेत्र की गुलाब वाटिका कॉलोनी के बाहर पुलिया निर्माण कार्य चल रहा है। रविवार दोपहर को दिल्ली-सहारनपुर रोड किनारे जेसीबी पुलिया खुदाई कर रही थी। निर्माण साइट के नीचे क्र्छ कंपनी की पीएनजी



पाइपलाइन गुजर रही थी। निर्माण कर्मचारियों को ये बात पता नहीं थी। जेसीबी की लोहे की पॉकेट लगने से पाइप लाइन लीकेज हो गई। इससे वहां तेज प्रेशर की आवाज फैल गई। ये देख जेसीबी ड्राइवर तुरंत भाग निकला। पुलिस मौके पर आ गई। हादसे की आशंका को देखते हुए पुलिस ने तुरंत IGL कंपनी अधिकारियों को सूचित किया। इसके बाद इंजीनियरों व कर्मचारियों की टीम पहुंची। इंजीनियरों ने कुछ देर के लिए पाइप लाइन में पीएनजी की सप्लाई बंद कराई और फिर लीकेज को ठीक किया। क्र्छ इंजीनियरों का कहना था कि यहां जेसीबी से गड्ढा खुदाई करने से पहले हमसे अनुमति लेनी चाहिए थी, लेकिन ऐसा नहीं किया गया। जबकि हमने पाइप लाइन वाली जगह पर अपने चेतावनी बोर्ड लगाए हुए हैं।

## बीएड की फर्जी डिग्री लगाकर प्रधानाचार्य बनने के मामले में केस दर्ज

गाजियाबाद। गाजियाबाद के सर्वहितकारी जूनियर हाईस्कूल में बीएड की फर्जी डिग्री लगाकर प्रधानाचार्य बनने के मामले में कविनगर थाना पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर शुक्रवार को एक एफआइआर दर्ज की है। पुलिस ने इसमें पूर्व प्रिंसिपल और स्कूल को आरोपी बनाते हुए जांच शुरू कर दी है। रानी देवी निवासी सेक्टर-2 चिरंजीव विहार ने 16 मई 2016 को आरटीआई के जरिये बीएसए से सूचना मांगी थी कि सर्वहितकारी जूनियर हाईस्कूल में कार्यरत प्रधानाचार्य सुनील कुमार की सेवाएं कब और किस आधार पर समाप्त की गई थीं। बीएसए कार्यालय ने इसका जवाब दिया कि बीएड की डिग्री फर्जी पाए जाने पर 16 अप्रैल 2018 को सुनील कुमार की सेवाएं समाप्त कर दी गई हैं और 20 हजार रुपए प्रतिमाह वेतन की धनराशि वसूली जा रही है। रानी देवी ने 5 जुलाई 2019 को बीएसए से एक और आरटीआई मांगी। इसमें उन्होंने फर्जी डिग्री की कॉपी उपलब्ध कराने, सुनील कुमार के खिलाफ केस दर्ज कराने और शासन को रिपोर्ट भेजने के संबंध में जानकारी चाही बीएसए कार्यालय ने इन तीनों बिंदुओं पर कोई जानकारी नहीं दी। बीएसए कार्यालय और सुनील कुमार की मिलीभगत की आशंका जताते हुए रानी देवी ने कोर्ट का रूख किया था। अब कोर्ट गाजियाबाद के आदेश पर रानी देवी की शिकायत पर कविनगर थाना पुलिस ने आरोपी पूर्व प्रधानाचार्य सुनील कुमार और सर्वहितकारी जूनियर हाईस्कूल के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# अंजनेय जायसवाल मिस्टर तो आराधना त्रिपाठी बनीं मिस फ्रेशर

**मुरादनगर।** मुरादनगर में दिल्ली-मेरठ मार्ग स्थित काईट संस्थान में 26 दिवसीय इंडक्शन कार्यक्रम फ्रेशकोज 22 का बुधवार को समापन हो गया। कार्यक्रम में सीनियर छात्रों ने प्रथम वर्ष में प्रवेश पाने वाले छात्रों का फूल देकर स्वागत किया।

सीनियर छात्रों ने अपने अनुभवों को साझा किया। इस मौके पर संस्थान के निदेशक डॉ. ए गर्ग ने कहा कि छात्र जीवन मानव जीवन का सबसे स्वर्णकॉल होता है। इस अवधि में छात्र जो भी सीखते हैं, वह जीवन भर हमारे साथ बना रहता है।



उन्होंने कहा कि छात्रों को समय का उपयोग करना सीखना चाहिए। संयुक्त निदेशक डॉ. मनोज गोयल ने कहा कि समय, संयम, स्वास्थ्य व शिक्षा के प्रति सदैव सजग व उत्तरदायी रहना चाहिए।

इस मौके पर छात्र-छात्राओं ने रंगारंगा कार्यक्रम प्रस्तुत कर समा बांध दिया। बीटेक प्रथम के छात्र अंजनेय जायसवाल को मिस्टर व छात्रा आराधना त्रिपाठी को मिस फ्रेशन चुना गया। इसके अलावा बेस्ट टैलेंट के लिए खुशी साक्या ,निवया त्यागी,जगदीप सिंह के अलावा छात्र ईरा नफीज व हर्षित द्विवेदी को बेस्ट एंकर चुना गया। इस मौके पर बीटेक प्रथम वर्ष व दितीया वर्ष के छात्रों के अलावा सभी शिक्षक मौजूद थे।

दिल्ली मेरठ मार्ग पर काईट संस्थान में बुधवार को दस दिवसीय महिला हिंसा व भेदभाव विरोध पखवाडे का आयोजन किया गया। इस दौरान एडवोकेट विनय पांडे मुख्य अतिथि रहे। महिलाओं के खिलाफ होने वाली हिंसा व रोकथाम पर इस मौके पर उन्होंने कहा कि महिलाओं के खिलाफ होने वाली अपराध के लिए बनाए गए रोकथाम अधिनियम को बहुत ही सरल तरीके से समझाया। कॉलेज के संयुक्त निदेशक डा. मनोज गोयल ने कहा कि महिलाओं का सम्मान करना हमारा कर्तव्य है। आईसीसी की अध्यक्षा डॉ. रितू गुप्ता ने कहा कि महिलाओं को अपने अधिकार के बारे में जानकारी होनी चाहिए।

## तीन शादियों के बाद भी खुशहाल जिंदगी जीवन नहीं जी सकी नीलिमा अजीम



फिल्म अभिनेता शाहिद कपूर को कौन नहीं जानता। बॉलीवुड की फिल्मों में अपने अभिनय और डांस से पहचान और पॉपुलैरिटी हासिल करने वाले शाहिद कपूर की मां भी प्रसिद्धि में किसी से कम नहीं हैं। 2 दिसंबर 1958 को दिल्ली में जन्मीं नीलिमा अजीम आज अपना 64वां जन्मदिन मना रही हैं। नीलिमा ने अपने फिल्मी करियर में 'सलीम लंगड़े पे मत रो', 'सड़क', 'सूर्यवंशम', 'इश्क विश्क' और 'ब्लैकमेल' जैसी कई फिल्मों में काम किया और इसके साथ ही वह टेलीविजन इंडस्ट्री में भी काम कर चुकी हैं। इतना ही नहीं नीलिमा एक बहुत ही अच्छी कत्थक डांसर भी हैं। इतनी सब चीजों में माहिर और प्रतिभा की धनी होने के बाद भी नीलिमा अजीम की निजी जिंदगी में उथल-पुथल भरी रही है। आइए आपको उनकी लव लाइफ के बारे में बताते हैं। नीलिमा अजीम ने पंकज कपूर के साथ पहली शादी रचाई थी। पंकज और नीलिमा की मुलाकात उन दिनों हुई थी, जब अभिनेता थिएटर किया करते थे और नीलिमा डांस की दुनिया में अपना नाम बनाना चाहती थीं। नीलिमा एक बेहतरीन कथक डांसर थीं। पहली मुलाकात में ही पंकज कपूर और नीलिमा अच्छे दोस्त बन गए थे और धीरे-धीरे यह दोस्ती कब प्यार में बदल गई। इसके बाद जल्द ही दोनों ने शादी करने का फैसला ले लिया। दोनों ने साल 1975 में शादी रचाई थी और उस वक्त पंकज कपूर 21 साल के थे और नीलिमा महज 16 साल की थीं। नीलिमा ने शादी के बाद साल 1981 में बेटे शाहिद कपूर को जन्म दिया था। इसी के बाद से दोनों के बीच मनमुटाव शुरू हो गया था। दोनों के बीच लड़ाई-झगड़ा इतना बढ़ गया कि कुछ समय बाद दोनों ने अलग होने का फैसला ले लिया। पंकज कपूर ने अपनी पहली पत्नी नीलिमा से साल 1984 में तलाक ले लिया था। दोनों की शादी नौ साल ही चल पाई थी।

## फिल्म भेड़िया को रिलीज, 85 करोड़ में बनी है फिल्म



वरुण धवन और कृति सेनन स्टार फिल्म भेड़िया को रिलीज हुए तीन दिन से ज्यादा हो गए हैं। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ठीक-ठाक कमाई कर रही है। भेड़िया को इंडिया की पहली क्रीचर कॉमेडी फिल्म बताया जा रहा है। फिल्म में शानदार वीएफएक्स का इस्तेमाल किया गया है जाहिर है कि फिल्म का बजट भी ज्यादा होगा। अब जो खबरें हैं उसके मुताबिक फिल्म के लीड एक्टर वरुण धवन ने फिल्म में काम करने के लिए सात करोड़ चार्ज किया है इसके अलावा कृति सेनन ने भी चार करोड़ रुपए की अच्छी-खासी रकम ली है। वरुण धवन-कृति सेनन स्टारर भेड़िया इस समय बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन कर रही है। फिल्म ने चार दिनों में 32 करोड़ की कमाई कर ली है। फिल्म का बजट तकरीबन 85 करोड़ है। ऑडियंस जहां फिल्म को एन्जॉय कर रही हैं वहीं कुछ लोग ये भी जानना चाहते हैं कि फिल्म में काम कर रहे एक्टर्स ने फिल्म में काम करने के लिए कितना रुपया चार्ज किया है।

## विजय सेतुपति की फिल्म के सेट पर हुआ हादसा



मुंबई। साउथ इंडस्ट्री से काफी दुखद खबर आई है। नेशनल अवार्ड विनिंग डायरेक्टर विजय सेतुपति की फिल्म के सेट पर हादसा हो गया है। स्टंटमैन एस सुरेश विजय सेतुपति के लिए स्टंट परफॉर्म कर रहे थे, इस दौरान वह हादसे का शिकार हो गए, जिसकी वजह से उनका निधन हो गया। बता दें कि एस सुरेश 54 साल के थे। निर्देशक वेत्रिमारन के डायरेक्शन में बन रही फिल्म 'विदूथलई' की शूटिंग चेन्नई के वांदालूर में चल रही थी चल रही थी। इस दौरान सुरेश असिस्टेंट के तौर पर लीड स्टंट डायरेक्टर के साथ परफॉर्म कर रहे थे। वह जब स्टंट कर रहे थे, तब उनके साथी कोऑर्डिनेटर्स भी वहां मौजूद थे। फिल्म के एक सीन के मुताबिक, उन्हें ऊंचाई से कूदने का स्टंट करना था। रिपोर्ट्स के मुताबिक सुरेश को रस्सी के सहारे क्रेन से बांधा गया था, लेकिन जैसे ही सीन शुरू हुआ, रस्सी टूट गई और स्टंटमैन सुरेश करीब 20 फीट की ऊंचाई से सीधे नीचे गिर गए। आनन-फानन में उन्हें निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार सुरेश 25 साल से फिल्म इंडस्ट्री में बतौर स्टंटमैन काम कर रहे थे। इस दुर्घटना के बाद से फिल्म की शूटिंग पर ब्रेक लगा दिया गया है। साथ ही सेट पर हुई इस घटना के बाद से पुलिस ने मामले का भी शुरू कर दी है।

## सिद्धार्थ विहार में 46 एकड़ में बनेगा थीम पार्क

गाजियाबाद। आवास विकास परिषद सिद्धार्थ विहार योजना में 46 एकड़ में थीम पार्क बनवाने का प्रस्ताव तैयार कर रही है। दावा किया जा रहा है कि यह पार्क दिल्ली-एनसीआर का सबसे बड़ा पार्क होगा। 46 एकड़ में बनने वाला यह पार्क टीएचए के 200 सोसायटियों के लिए पिकनिक स्पॉट होगा। प्रस्ताव को अगले सप्ताह लखनऊ भेजा जाएगा। आवास आयुक्त से मंजूरी मिलते ही कार्य शुरू किया जाएगा। आवास विकास के अधिशासी अभियंता प्रशांत वर्धन ने बताया कि इंजीनियरों की टीम कई दिन से सिद्धार्थ विहार योजना में जमीन का निरीक्षण कर रही है। जमीन के हिसाब से इसकी रूपरेखा तैयार की जा रही है। उम्मीद है कि नए साल में इसे बनाने का काम शुरू हो जाएगा। जमीन की नाप कर ली गई है, जल्द ही इसकी चहारदीवारी का काम शुरू किया जाएगा। आवास विकास के अधिकारियों ने बताया कि यह जमीन सिद्धार्थ विहार के सेक्टर आठ में है। अभी जमीन बिल्कुल बंजर पड़ी हुई है। इसमें साफ-सफाई अभियान चलाया जाएगा। इसके बाद पार्क के चारों और पेड़-पौधे लगाएं जाएंगे।

## फीफा वर्ल्ड कप देखने पहुंचे आमिर खान, फैंस के साथ ली सेल्फी



हाल ही में आमिर की नई फोटोज और वीडियोज सामने आ रही हैं, जिसमें वो बेटे आजाद के साथ फीफा वर्ल्ड कप 2022 को एंजॉय करते नजर आ रहे हैं। दरअसल बीते दिनों आमिर अपनी एक्स वाइफ किरण राव और बेटे आजाद के साथ फैमिली ट्रिप पर निकले थे। तब यह जानकारी नहीं थी कि आमिर वेकेशन मनाने कहां जा रहे हैं? फोटोज सामने आने के बाद यह क्लियर हो गया है कि आमिर फैमिली के साथ फीफा वर्ल्ड कप का लुत्फ उठाने गए थे।

लुसैल स्टेडियम के बाहर दिखे आमिर

आमिर के एक फैन ने उनकी वीडियो शेयर की है, जिसमें वो किरण और आजाद के साथ लुसैल स्टेडियम के बाहर दिख रहे हैं। आमिर अपनी टीम के किसी आदमी को फोटो खींचने के लिए कैमरा देते हैं, जो उनकी फैमिली पिक्चर लेता हुआ दिखाई दे रहा है। वीडियो में आमिर व्हाइट टी-शर्ट, ब्लैक केप्री में नजर आ रहे हैं, वहीं आजाद अर्जेंटीना की जर्सी पहने हुए हैं। किरण भी ब्लैक आउटफिट में नजर आ रही है।

फीफा वर्ल्ड कप के दौरान आमिर ने वहां पर आए फैंस के साथ सेल्फी खिंचाई। कई फैंस ने उनके साथ सोशल मीडिया पर फोटोज शेयर की हैं।

दरअसल लाल सिंह चड्ढा के फ्लॉप होने के आमिर को पहले की तरह इतना खुश नहीं देखा गया था, ऐसे में बहुत समय बाद उन्हें मुस्कुराता हुआ देखकर फैंस बेहद खुश हैं। एक यूजर ने उनकी फोटो पर कमेंट करते हुए लिखा- ह्यपहले की तरह आपको मुस्कुराता देखकर खुशी हुई ह्र बता दें की आमिर खान खुद भी फुटबॉल खेलना पसंद करते हैं। कुछ समय पहले उन्होंने पोस्ट शेयर किया था, जिसमें वो आजाद के साथ बारिश में फुटबॉल खेलते हुए दिखाई दे रहे हैं।

बता दें कि किरण और आमिर ने साल 2021 में अलग होने का फैसला लिया। कपल ने खुद सोशल मीडिया पर अपने तलाक की अनाउंसमेंट की थी। कपल ने अपनी खुशी से म्यूचल अंडरस्टैंडिंग के साथ तलाक लिया, लेकिन वो आज भी एक-दूसरे के अच्छे दोस्त हैं। दोनों इस वक्त मिलकर अपने बेटे आजाद की परवरिश में लगे हुए हैं।

## सनी लियोनी ने की उर्फी जावेद की ड्रेस की तारीफ





एक्ट्रेस उर्फी जावेद उस समय 'स्प्लिट्सविला 14' में नजर आ रही हैं। इसमें वह न सिर्फ अन्य कंटेस्टेंट्स के साथ अपने बॉन्ड के कारण चर्चा बटोर रही हैं, बल्कि उनके आउटफिट भी हर किसी का ध्यान अपनी ओर खींच रहे हैं। 'स्प्लिट्सविला 14' की होस्ट और एक्ट्रेस सनी लियोनी भी उर्फी के ड्रेसिंग स्टाइल की तारीफ करने से खुद को रोक नहीं सकीं। उर्फी ने जो कपड़े पहने थे, उन्हें देख अर्जुन बिजलानी भी 'चलो इश्क लड़ाएं' सॉन्ग गाने लगे। रस्र्'३२५'' 14 के हाल ही के एपिसोड में वढ्ढ्र खं५ी ने जो कपड़े पहने थे, उनमें ब्रेस्ट एरिया के ऊपर दो हंस बने थे। सनी लियोनी को यह काफी पसंद आया और तारीफ कर दी। सनी लियोनी ने उर्फी जावेद से कहा, 'उर्फी आपका आउटफिट बहुत सुंदर है और बीचवेयर के लिए एकदम परफेक्ट है। तुम जिस तरह के कपड़े चुनती हो, वह मुझे बहुत अच्छा लगता है और यह वाला तो कमाल का है।' इतना सुनते ही उर्फी जावेद ने कहा, 'मैं अपने यूनीक ड्रेसिंग सेंस के लिए जानी जाती हूं। आप मुझे टक्कर दे सकती हैं, लेकिन मेरे आउटफिट को टक्कर नहीं दे सकतीं। मेरे कपड़े ऐसे होते हैं, जिनके बारे में कोई सोच भी नहीं सकता।' 'स्प्लिट्सविला 14' में उर्फी जावेद की को-कंटेस्टेंट कशिश ठाकुर के साथ दोस्ती की चर्चा है। उर्फी ने हाल ही इंस्टाग्राम पर फैंस संग बातचीत के दौरान कशिश की तारीफ की थी। उर्फी ने कहा था कि उन्हें कशिश ठाकुर बहुत पसंद हैं और वह उनके दिल के बेहद करीब हैं। हालांकि उन्होंने कशिश ठाकुर को सिर्फ दोस्त बताया। उर्फी जावेद हाल ही चेतन भगत संग बहस को लेकर भी चर्चा में रहीं। लेखक चेतन भगत ने हाल ही एक साहित्यिक महोत्सव में उर्फी जावेद का नाम घसीटा था, जिसे लेकर दोनों के बीच खूब कहा-सुनी हुई थी।

## तीन दिवसीय सीबीएसई नॉर्थ जोन हैंडबॉल चैंपियनशिप का आयोजन



**गाजियाबाद।** हापुड़ रोड़ स्थित डॉ के.एन मोदी ग्लोबल स्कूल में तीन दिवसीय सीबीएसई नॉर्थ जोन हैंडबॉल चैंपियनशिप 2022 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि डॉक्टर के.एन मोदी फाउंडेशन के चेयरमैन डॉ डी.के. मोदी द्वारा मा सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इसके पश्चात छात्र-छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गान व रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस प्रतियोगिता में उत्तराखंड तथा पश्चिम उत्तर प्रदेश के देहरादून पब्लिक स्कूल गोविंदपुरम, सेंट थॉमस स्कूल, हैप्पी होम स्कूल, आचार्यकुलम, गोल्डन गेट ग्लोबल स्कूल, डॉ केएन मोदी ग्लोबल स्कूल, सेंट मैरी क्रिश्चियन स्कूल सहित 30 विद्यालयों के खिलाडियों द्वारा अपनी उपस्थिति दर्ज कराई गई। इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों ने ईमानदारी व दृढ़ता के साथ खेल के नियमों को निभाने की प्रतिज्ञा ली। मुख्य अतिथि के रूप में चीफ रैफरी त्रिलोक चौधरी, टेक्निकल हेड विजय कुमार वशिष्ठ, सीबीएसई ऑब्जर्वर अरुण त्यागी उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के प्रथम दिन डॉक्टर केएन मोदी ग्लोबल स्कूल और सेंट मैरी स्कूल, गाजियाबाद के बीच हैंडबॉल का मैच हुआ जिसमें डॉ केएन मोदी ग्लोबल स्कूल ने विजय का परचम लहरा कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। इस अवसर पर डॉ केएन मोदी ग्लोबल स्कूल की प्रबंधन टीम द्वारा विजेता टीम को बधाई देते हुए सभी खिलाडियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की तथा लोगों से खेल और फिटनेस से जुड़ी गतिविधियों को प्राथमिकता देने का आग्रह किया। इस अवसर पर प्रीटी पेंग्विन की हेडमिस्ट्रेस विभा त्यागी, भारती दारूका, ज्योति तथा एक्टिविटी इंचार्ज आशिमा त्यागी आदि उपस्थित रहे। मंच का संचालन मिस पायल तथा चंचल मित्तल के नेतृत्व में स्वेधा, अपूर्व, गौरंगी सृष्टि तथा रितिक ने किया।

# आठ वार्डों में रोचक मुकाबले की संभावना



एमसीडी के चुनाव मैदान में आठ वार्डों में रोचक मुकाबले के आसार हैं। यहां 16 पूर्व पार्षद एक-दूसरे के सामने ताल ठोंके हुए है। इतना ही नहीं, इनमें कई पूर्व पार्षद ऐसे है जो एमसीडी चुनाव से कुछ समय पहले तक एक ही दल में थे, लेकिन अब अपनी पार्टी से बगावत करके निर्दलीय के तौर पर चुनाव लड़ रहे है। वार्ड नंबर-8 मुकुंदपुर में भाजपा के गुलाब सिंह राठौर व आम आदमी पार्टी के अजय शर्मा, वार्ड नंबर-33 रानीखेड़ा में आम की मनीषा कराला व कांग्रेस की निर्मला वत्स, वार्ड नंबर-47 निहाल विहार में भाजपा की शिवांगी और कांग्रेस के मनदीप सिंह, वार्ड नंबर- 61 कोहाट इंक्लेव में भाजपा के अजय और आप केएन राजा, वार्ड नंबर-73 सिविल लाइन से भाजपा के अवतार सिंह व आप के विकास टांक, वार्ड नंबर-126 ईसापुर से भाजपा की सुमन डागर व निर्दलीय मीना कुमारी, वार्ड नंबर-127 से आप के राजबीर डबास व निर्दलीय अतिम गहलोत और वार्ड नंबर-174 श्रीनिवासपुरी में भाजपा के राजपाल सिंह व आप की इंदु किस्मत आजमा रहे है। इसी तरह वार्ड नंबर-33 से चुनाव लड़ रही मनीषा कराला व निर्मला वत्स पहले कांग्रेस में थी, मगर एमसीडी चुनाव नजदीक आने से कुछ समय पहले मनीषा कराला ने कांग्रेस छोड़कर आम आदमी पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली थी। इसी तरह वार्ड नंबर-126 से सुमन डागर व मीना कुमारी भी भाजपा में थी। हालांकि, मीना कुमारी ने पिछला चुनाव निर्दलीय के तौर पर जीता था, लेकिन पार्षद बनने के बाद वह भाजपा में शामिल हो गई थी, मगर अब भाजपा से टिकट नहीं मिलने पर एक बार फिर निर्दलीय के तौर पर चुनाव लड़ रही है। एमसीडी चुनाव लड़ रहे 84 निवर्तमान पार्षदों की संपत्ति में करीब 49 प्रतिशत बढ़ोतरी हुई है। इनकी वर्ष 2017 में औसत संपत्ति 2.93 करोड़ रुपये थी, जो बढ़कर 4.37 करोड़ रुपये हो गई। इस तरह उनकी संपत्ति में औसतन 1.44 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई है। रिपोर्ट के अनुसार वार्ड नंबर-59 पश्चिम विहार से भाजपा म्मीदवार विनीत वोहरा ने अपनी संपत्ति में 28.61 करोड़ रुपये की अधिकतम वृद्धि की घोषणा की है। वर्ष 2017 में 9.33 करोड़ रुपये की संपत्ति थी, जबकि वर्ष 2022 में उनके पास 37.94 करोड़ रुपये की संपत्ति है। वार्ड नंबर-149 मालवीय नगर से भाजपा उम्मीदवार नंदिनी शर्मा की संपत्ति 25.58 करोड़ रुपये बढ़कर 49.84 करोड़ रुपये हो गई है। इसी तहर वार्ड नंबर-173 ग्रेटर कैलाश से भाजपा उम्मीदवार शिखा राय की संपत्ति में छह करोड़ रुपये की वृद्धि हुई है। वर्ष 2017 में 6.81 करोड़ रुपये की संपत्ति की मालकिन शिखा की संपत्ति बढ़कर 12.81 करोड़ रुपये हो गई है।

## 1349 उम्मीदवारों की किस्मत ईवीएम में हुई कैद



दिल्ली नगर निगम की 250 सीटों के 1,349 उम्मीदवारों के भविष्य का फैसला ईवीएम में बंद हो गया है। तयशुदा समय 5:30 बजे 50.47 फीसदी मतदाताओं ने अपने मत का इस्तेमाल किया। वर्ष 2017 के एमसीडी चुनाव की तुलना में इस बार करीब तीन प्रतिशत मतदान कम हुआ। भारी सुरक्षा बंदोबस्त के बीच दिल्ली राज्य चुनाव आयोग ने सभी ईवीएम 42 स्टांग रूम में रखवा दी है। इन्हीं सेंटर पर अब सात दिसंबर को मतगणना होगी। इसके बाद दिल्ली की मिनी सरकार का गठन होगा।

उधर, मतदान के दौरान आम आदमी पार्टी, भाजपा और कांग्रेस ने मतदाताओं के वोट कटने की शिकायत भी की। यहां तक कि सूची में नाम न होने से कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अनिल चौधरी भी वोट नहीं दे सके। उनकी शिकायत पर दिल्ली राज्य चुनाव आयोग ने मतदान सूची में बदलाव का अधिकार भारतीय निर्वाचन आयोग के पास होने का हवाला देते हुए पूरे मामले से पल्ला झाड़ लिया। अबुल फजल एन्क्लेव में ईवीएम खराब होने से एक घंटे मतदान में देरी हुई। जबकि पुलिस को मामूली नोक-झोंक की करीब 230 पीसीआर काल मिली, लेकिन कहीं पर भी कोई बड़ी वारदात नहीं हुई थी।

दिल्ली राज्य चुनाव आयोग के अनुसार, रविवार सुबह 8 बजे से वोटिंग शुरू हो गई थी। शुरूआत चार घंटों में मतदान की रफ्तार काफी धीमी रही। इसके बाद इसमें थोडी तेजी आई। शाम 5:30 बजे तक 50 फीसदी मतदान हुआ है। अबुल फजल एन्क्लेव के अलावा कुछ जगहों पर ईवीएम खराब होने की भी शिकायतें मिलीं, जिनको तत्काल दूर कर लिया गया।

दिल्ली राज्य चुनाव आयोग के मुताबिक, तयशुदा समय 5:30 बजे के बाद मतदान केंद्र के अंदर जाने की किसी को इजाजत नहीं दी गई। लेकिन इससे पहले जिन लोगों ने लाइन लगा दी थी, वह वोट देने के लिए अपनी बारी का इंतजार करते रहे। इससे देर शाम तक वोटिंग होती रही। वोटिंग के बाद सभी ईवीएम को दिल्ली के अलग-अलग इलाकों में बनाए गए 42 स्ट्रांग रूम में रखवा दिया गया है। यहां के सुरक्षा इंतजाम बेहद सख्त हैं। मतगणना के दिन सात दिसंबर को इसको खोला जाएगा।

## रॉयल चैलेंजर्स कप 2022 में गाजियाबाद के 26 कराटे खिलाड़ियों ने जीते मेडल

**गाजियाबाद।** इंदिरापुरम गाजियाबाद के नीति खंड 1 में स्थित इंदिरापुरम कराटे स्कूल के 26 खिलाडियों ने उत्तर प्रदेश कराटे टीम में चयनित होकर नोएडा में स्थित नोएडा इंडोर स्टेडियम में उत्तर प्रदेश स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन तथा ट्रेडिशनल शोतोकाई कराटे फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित राष्ट्रीय स्तरीय ओपन प्रतियोगिता रॉयल चैलेंजर्स कप ऑल इंडिया कराटे चैंपियनशिप में हिस्सा लिया और 8 गोल्ड, 7 सिल्वर तथा 11 ब्रांज मेडल जीतकर अपने राज्य उत्तर प्रदेश का नाम रोशन किया। गाजियाबाद डिस्ट्रिक्ट स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन के महासचिव एवं कोच पुष्पेन्द्र सिंह रावत ने बताया कि इस प्रतियोगिता में विभिन्न राज्यों से 1000 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया तथा सब जूनियर, कैडेट, जूनियर, सीनियर और मास्टर कैटेगरी में विभिन्न भार वर्ग में यह प्रतियोगिता आयोजित की गई। अग्रिम अरोडा, अवनी सिंह, दैविक गोयल, मोक्ष बालियान, दैविक कश्यप, आध्या भंडारी, अनन्या सिंह और अभिनव सिंह ने विपक्षी



खिलाड़ियों को कड़ी टक्कर देते हुए शानदार प्रदर्शन के साथ गोल्ड मेडल जीता। ज्ञानवी त्यागी, सानवी चौधरी, अद्विक गोयनका, प्रज्वल सक्सेना, अरनव त्यागी, कृष्णा चौहान और रुद्रांश जुगरान ने ब्रॉन्ज मेडल जीता। स्वस्तिका बोरा, कर्ण सिंह रावत, तनीसी कठोर, तनिष्का गुप्ता, पार्थ गुप्ता, शिवाय श्रीवास्तव, सात्विक रावत, अनुराग मन्ना, युवानिल सिंह, अक्षत ठाकुर और आशीष गौतम ने ब्रोंज मेडल जीता। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथियों में इंडियन ओलंपिक एसोसिएशन के उपाध्यक्ष कुलदीप वत्स, कराटे एसोसिएशन ऑफ इंडिया के महासचिव रजनीश चौधरी और दिल्ली ओलम्पिक एसोसिएशन के ज्वाइंट सेक्रेट्री दीपक अग्रवाल तथा उत्तर प्रदेश स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन के महासचिव अमित गुप्ता ने विजेता खिलाडियों को मेडल पहनाकर और टीम कोच पुष्पेंद्र सिंह रावत को विजेता ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। विजेता खिलाड़ियों के जीत कर आने की खुशी में एकेडमी पर जोरदार स्वागत किया गया। इस मौके पर इंदिरापुरम कराटे स्कूल के सभी पदाधिकारियों प्रदीप वर्मा, कृष्ण रावत, लक्ष्मी वर्मा और नैना रावत ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी।

## चार सप्ताह की अवधि के भीतर भरे जाएं जिला उपभोक्ता फोरम के खाली पद

**नई दिल्ली।** जिला उपभोक्ता विवाद निवारण फोरम (डीसीडीआरएफ) में खाली पदों और मामलों की सुनवाई में बरती जा रही अनियमितता का खामियाजा आम नागरिकों को भुगतना पड़ रहा है। उपभोक्ता फोरम में अंतिम जिरह पूरी होने के बाद भी सुनवाई नहीं होने के कारण विभिन्न उपभोक्ता फोरम में नौ हजार से अधिक लंबित मामलों के तेजी से निस्तारण को लेकर दिल्ली हाई कोर्ट ने अहम दिशानिर्देश जारी किए हैं। लंबित मामलों को लेकर दायर याचिका पर न्यायमूर्ति प्रतिबा एम सिंह की पीठ ने कहा कि जिला फोरम में विभिन्न श्रेणियों के लिए कुल 24 पद खाली हैं। ऐसे में इन पदों को आदर्श आचार संहिता हटने के बाद चार सप्ताह की अवधि के भीतर भरा जाए। अदालत ने कहा कि अंग्रेजी अच्छी तरह से जानने वाले आशुलिपिक को दो सप्ताह के अंदर मंचों के साथ ही राज्य आयोग में तैनात किया जाए। कोर्ट ने यह भी निर्देश दिया है कि तीन साल की अवधि पूरी होने से पहले राज्य और जिला फोरम में तैनात कर्मचारियों का तबादला न किया जाए।

## दिल्ली-6 की थोक मार्केट का हरियाणा में विस्तार करने के लिए व्यापारियों की मांगों पर सैद्धांतिक सहमति दी

**नई दिल्ली।** हरियाणा सरकार ने दिल्ली-6 की अंतरराष्ट्रीय थोक मार्केट का हरियाणा में विस्तार करने के लिए व्यापारियों की मांगों पर सैद्धांतिक सहमति दे दी है। अब दिल्ली-6 यानी चांदनी चौक, चांदनी चौक स्थित विभिन्न कूचा-नटवा, भागीरथ पैलेस, सदर बाजार, नई सड़क, चावड़ी बाजार, खारी बावली, नया बाजार, कश्मीरी गेट, अजमेरी गेट, मोरी गेट स्थित विभिन्न थोक मार्केट के लिए हरियाणा में एसोसिएशन के माध्यम से भी जमीन आवंटन का काम हो सकेगा। पहले हरियाणा सरकार कुंडली व राई क्षेत्र में विकसित मार्केट क्षेत्रों की नीलामी के आधार पर बिक्री करने की नीति बना चुकी थी। इतना ही नहीं मुख्यमंत्री मनोहर लाल किराना की थोक मार्केट के लिए वेयरहाउस पालिसी के तहत अलग क्षेत्र विकसित करने को भी तैयार हैं। मुख्यमंत्री के इस आश्वासन के बाद किराना मार्केट के थोक व्यापारियों की एसोसिएशन ने राहत की सांस ली है। व्यापारी चाहते हैं कि उन्हें औचंदी बार्डर से खरखौदा तक कहीं भी मार्केट के लिए प्लाट विकसित करके दिए जाएं। हालांकि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने व्यापारियों को साफ कर दिया है कि वह हरियाणा सरकार में जनता की तरफ से ट्रस्टी हैं। सरकार को नुकसान न हो और व्यापारियों को दिल्ली के नजदीक मार्केट की उपयुक्त दर पर जगह मिल जाए, इसी नीति के तहत समन्वय बनाया जाएगा। बता दें, इलेक्ट्रिक सामान की थोक मार्केट भागीरथ पैलेस के कुंडली में विस्तार को लेकर पहले से बातचीत चल रही है। यहां के कारोबारी संगठन ने वहां जमीन देखी है। दुकानदारों से आवेदन भी लिए गए हैं। जल्द से इसके परवान चढ़ने की उम्मीद है। हालांकि, हरियाणा में विस्तार को लेकर खारी बावली में व्यापारियों के बीच ही विवाद है, इसलिए पिछले छह साल से यह परवान नहीं चढ़ सकी है। मनोहर से मुलाकात के बाद एक बार फिर जब यह मामला गमार्या तो दिल्ली किराना कमेटी के अध्यक्ष के इस्तीफे से मामले का पटाक्षेप हुआ था। दिल्ली की थोक मार्केट एसोसिएशन को यह जमीन हरियाणा राज्य औद्योगिक एवं बुनियादी ढांचा विकास निगम (एचएसआइआइडीसी) की तरफ से आफर की जा रही है। थोक मार्केट एसोसिएशन भी दिल्ली के मास्टर प्लान 2041 को लेकर चिंतित हैं।

# आरएचएएम फाउंडेशन और रोटरी क्लब ने टीबी के 25 मरीजों को बांटा संतुलित आहार









आरएचएएम फाउंडेशन और रोटरी क्लब पूरी तरह से समाज को समर्पित संस्था हैं। देश को टीबी मुक्त बनाने के लिए दोनों संगठन अच्छा काम कर रहें हैं। जरूरत मंद लोगों की मदद के अलावा टीबी मुक्त अभियान में दोनों संगठन नेक काम कर रहें हैं। इससे टीबी के रोगियों में बीमारी के प्रति जागरूकता आ रही है।

**डॉ आदित्य सिसोदिया, साहिबाबाद स्वास्थ्य केंद्र**



आरएचएएम फाउंडेशन और रोटरी क्लब की ओर से टीबी के रोगियों को न्यूट्रिशन फूड में हॉर्लिक्स, दाल, चना, दलिया, सोयाबीन, गुड, प्रोटीन और अन्य पौष्टिक आहार के पैकेट बांटे गए हैं। इससे मरीजों में बीमारी से लड़ने में मदद मिलेगी। अन्य संगठनों को भी इससे प्रेरणा लेनी चाहिए।

**रविंद्र सिंह, साहिबाबाद स्वास्थ्य केंद्र**

**प्रथम पृष्ठ का शेष भाग.....**

इससे पहले स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ आदित्य सिसोदिया, प्रोजेक्ट कॉर्डिनेटर और आरएचएएम फाउंडेशन के सचिव रो दयानंद शर्मा और रोटरी क्लब ऑफ दिल्ली ईस्ट एंड के सचिव रो यतेंद्र कालरा ने शिविर की शुरूआत की। डॉ आदित्य सिसोदिया ने कहा कि टीबी मुक्त भारत अभियान में रोटरी क्लब और आरएचएएम फाउंडेशन का भरपूर सहयोग मिल रहा है। अन्य संगठनों को भी इनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद सेफरोन की अध्यक्ष रो कुनिका भार्गव ने कहा कि टीबी के मरीजों पौष्टिक आहार बांटने का सिलसिला जारी रहेगा। न्यूट्रिशन फूड में हॉर्लिक्स, दाल, चना, दलिया, सोयाबीन, गुड, प्रोटीन और अन्य पौष्टिक आहार के पैकेट बांटे गए हैं। गाजियाबाद सेंट्रल के अध्यक्ष रो प्रदीप गुप्ता ने भी अपना पूरा सहयोग दिया। वहीं, आरएचएएम फाउंडेशन के फाउंडर डॉ धीरज कुमार भार्गव ने बताया कि रोटरी और आरएचएएम फाउंडेशन देश को टीबी मुक्त होने तक स्वास्थ्य विभाग को अपना पूरा सहयोग प्रदान करेगा। रो दयानंद शर्मा और रो यतेंद्र कालरा ने भी टीबी से ग्रसित मरीजों को पौष्टिक आहार देने के साथ ही हर संभव मदद का आश्वासन दिया। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग की टीम में फार्मेसिष्ट रविंद्र सिंह, प्रेमलता सिंह, रविंद्र चौधरी, अवनीश को तुलसी का पौधा भेंट किया। टीबी के मरीजों को जागरुक करते हुए समय पर संतुलित आहार लेने के लिए प्रेरित किया।

# 24वीं वाहिनी का चल वैजयंती ट्रॉफी पर कब्जा



**गाजियाबाद।** 21वीं अंतर वाहिनी पीएसी पश्चिमी जोन वैज्ञानिक अनुसंधान पुलिस फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी, कम्प्यूटर, एंटी सेबोटाज चेकिंग कम्प्यूटर प्रतियोगिता बुधवार को गाजियाबाद की 47वीं पीएसी वाहिनी में संपन्न हुई। 23वीं वाहिनी पीएसी मुरादाबाद प्रथम, 45वीं वाहिनी पीएसी अलीगढ़ द्वितीय और 47वीं वाहिनी पीएसी गाजियाबाद तृतीय स्थान पर रही। चल वैजयंती ट्रॉफी पर 24वीं वाहिनी पीएसी मुरादाबाद ने कब्जा जमाया। 47वीं वाहिनी पीएसी की सेनानायक कल्पना सक्सेना ने जीतने वाले प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र, मेडल देकर सम्मानित किया। विजेता टीम को शील्ड प्रदान की। इससे पहले सेनानायक का वाहिनी के बैंड ने मधुर धुनों का वादन करके स्वागत किया। प्रतियोगिता में सर्वाधिक अंक 45वीं वाहिनी पीएसी अलीगढ़ के आरक्षी रामबिहारी ने पाए। उन्हें सर्वांग सर्वोत्तम की ट्रॉफी सेनानायक ने प्रदान की। अपने संबोधन में सेनानायक ने सभी प्रतिभागियों को आगामी प्रतियोगिताओं हेतु अथक परिश्रम हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम में उपसेनानायक रफीक अहमद, सहायक सेनानायक श्यौदान सिंह, शिविरपाल अखिलेश कुमार, दलनायक वीरपाल सिंह, सूबेदार मेजर संदीप चौधरी, सहायक शिविरपाल योगेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# यूपी सरकार ने गाजियाबाद की एडीएम प्रशासन ऋतु सुहास को सम्मानित किया



**गाजियाबाद।** दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के लिए गाजियाबाद की एडीएम प्रशासन ऋतु सुहास को उत्तर प्रदेश सरकार ने सम्मानित किया है। विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर शनिवार को लखनऊ के डाक्टर शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में उन्हें पुरस्कृत किया गया। ऋतु सुहास ने गाजियाबाद में 2022 के विधानसभा चुनावों में अपने निजी प्रयास से 12375 दिव्यांग मतदाता बनाए। उन्हें पोस्टल बैलेट की सुविधा दिलाई। विधानसभा चुनाव में 823 दिव्यांगों ने घर बैठकर ही पोस्टल बैलेट से मतदान किया। दिव्यांग मतदाताओं के लिए जिलेभर में 60 बूथ बनवाए गए थे। कांवड़ यात्रा में दिव्यांग कांवड़ियों की सुविधा के लिए एडीएम प्रशासन ने रैंपयुक्त मोबाइल टॉयलेट जगह-जगह लगवाए थे। शनिवार को लखनऊ में दिव्यांजन विभाग की ओर से कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें गाजियाबाद की एडीएम प्रशासन ऋतु सुहास को सम्मानित किया गया। ऋतु सुहास के पति एलवाई सुहास नोएडा के डीएम हैं और बैडमिंटन के पैरालंपिक प्लेयर भी हैं।

# आरक्षण ने 51 पार्षदों की उम्मीदों पर फेरा पानी, नहीं लड़ पाएंगे चुनाव




**गाजियाबाद।** नगर निगम के वार्डों के बदले आरक्षण ने 51 पार्षदों की फिर से निगम सदन में जाने की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। अब यह पार्षद अपने वार्ड से चुनाव नहीं लड़ पाएंगे। राजनीतिक सफर को जारी रखने के लिए इनमें से कई पार्षद अब ठिकाना बदलकर अगल-बगल के अन्य वार्ड से चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे हैं। महिला के लिए वार्ड आरक्षित हो जाने पर इस बार कई पार्षद खुद चुनाव लड़ने की बजाय पत्नी को मैदान में उतारने की तैयारी कर रहे हैं।

नगर निगम के 14 वार्ड इस बार अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित किए गए हैं। इनमें से सात वार्ड 2017 के चुनाव में अन्य वर्ग के लिए आरक्षित थे, जबकि सात वार्ड अनारक्षित श्रेणी में थे और इनमें सामान्य वर्ग के पार्षद जीते थे। अब 2022 के चुनाव में इन 14 वार्ड के पार्षदों को या तो ठिकाना बदलना पड़ेगा, या राजनीतिक सफर को विराम देना पड़ेगा। 2022 के चुनाव के लिए अन्य पिछड़ा वर्ग और अन्य पिछड़ा वर्ग महिला श्रेणी में आरक्षित किए गए 21 वार्ड भी 2017 के चुनाव में महिला, अनारक्षित और अनुसूचित जाति वर्ग के लिए आरक्षित थे। यानी इन वार्डों से 2017 में चुनाव जीतकर नगर निगम सदन में पहुंचे पार्षद भी अपने वार्ड से दोबारा चुनाव नहीं लड़ पाएंगे। अब इन 21 वार्ड में सिर्फ ओबीसी या ओबीसी वर्ग की महिलाएं चुनाव लड़ सकेंगी। 2017 में अनारक्षित, अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित 16 वार्ड भी इस बार महिला वर्ग के लिए आरक्षित कर दिए गए हैं। इसकी वजह से अब इन वार्डों के पार्षदों की उम्मीदों पर भी पानी फिर गया है। इनमें से अधिकांश पार्षद अब पत्नी के लिए टिकट की दावेदारी कर रहे हैं। वार्डों का आरक्षण बदल जाने की वजह से पत्नी को चुनाव लड़ाने या अन्य वार्डों से चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे पार्षदों को झटका लग सकता है। राजनीतिक दलों के अन्य कार्यकर्ता भी इन वार्डों से चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे हैं और टिकट की दावेदारी कर चुके हैं। ऐसे में इन वार्डों में दोबारा पार्षदों की पत्नी को टिकट मिलना मुश्किल हैं। खासतौर से भाजपा में दावेदारों की संख्या ज्यादा होने से इसकी उम्मीद बेहद कम है।

## राजनीतिक सफर को बढ़ाने के लिए दल को कर सकते हैं गुड बाय

आरक्षण बदल जाने के कारण और टिकट कटने की संभावना की वजह से कई पार्षद इस बार राजनीतिक दल बदलने की तैयारी कर रहे हैं। पत्नी के लिए टिकट की दावेदारी कर रहे पार्षदों को राजनीतिक दलों ने झटका दिया तो संभावनाओं की तलाश में वह दूसरे दलों के दरवाजे खटखटा सकते हैं। इसकी तैयारी उन्होंने अभी से शुरू कर दी है।

Printed and Published by Dheeraj Kumar Bhargava at B.F.L Inrotech Ltd, C-9, Sector-3 Noida, Distt. Gautam Budh Nagar and Published at 282, Sarai Nazar Ali, behind MMG Hospital Ghaziabad (U.P.) 201 001. **Editor:** Dheeraj Kumar, **Resident Editor:** Manisha Bhargava** **Email:** editor@tbam.co.in
**RNI. No:** UPBIL/2009/28691, **Postal Registration No.** UP/GBD80/2016-18, **Advertisement:** Ph. No.: 0120-2850800, 2850297, **Fax:** 0120-4561000
**Add:** Plot No- 516, Sector- 12, Friends Co-operative Society, Vasundhra, Ghaziabad (U.P.)**
Responsible for selection of News under the PRB Act. Repro- duction in any manner, electronic or otherwise in whole or in post without prior written permission is prohibited.